करलो जी सेवा बाबा श्याम की भजन लिरिक्स

करलो जी सेवा बाबा श्याम की,
होने नहीं देगा बाबा,
कमी तुम्हे काम की,
करलों जी सेवा बाबा श्याम की।bd।

जब कोई दु:ख आता है,
बाबा दूर भगाता है,
भक्तों की रक्षा हेतु,
वो दौड़ा दौड़ा आता है,
बाबा के चरणों में अब तो,
अपना ठिकाना है,
सारी दुनिया से न्यारी है,
लीला खाटूधाम की,
करलों जी सेवा बाबा श्याम की।bd।

सारे बिगड़े कामो को,
बाबा ही बनाते है,
डूबी हुई नैया को,
पार लगाते है,
जब हम दु:ख में रोते है,
बाबा दुखी होते है,
एक बाण से करते बाबा,
दुखों को तमाम जी,
करलों जी सेवा बाबा श्याम की।bd।

जो रोटी को तरसते थे,
वो अब मालामाल है,
जो खुशियों को तरसते थे,
वो सारे खुशहाल है,
कोई चिंता फिकर नहीं है,
उन्हें किसी बात की,
हो गई है ज़िंदगानी,
बड़े ही आराम की,
करलों जी सेवा बाबा श्याम की।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

करलो जी सेवा बाबा श्याम की,
होने नहीं देगा बाबा,
कमी तुम्हे काम की,
करलों जी सेवा बाबा श्याम की।bd।

Singer – Sunil Sarvottam

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com